पद : सह परामर्शदाता -आईपी

कुल पद : एक **(01)** **पद कोड** : CON-38

समेकित शुल्क : सह परामर्शदाता को समेकित शुल्क के रूप में **75,000/-** रु.प्रति माह प्रदान किया जाएगा।

अवधि : नियुक्ति प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए संविदात्मक है जिसे प्रदर्शन और संगठनात्मक आवश्यकताओं के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

मुख्य उत्तरदायित्व :	योग्यता **:**
▪ आईपी खोज उपकरण/डेटाबेस और अनुक्रम एवं रासायनिक संरचना खोज सहित वैज्ञानिक सूचना संसाधनों का उपयोग करके आईपी खोज और विश्लेषण - पेटेंट योग्यता/एफटीओ/पेटेंट लैंडस्केप का संचालन करना। ▪ पेटेंट खोज, विश्लेषण और प्रौद्योगिकी मानचित्रण का कार्यसाधक ज्ञान। ▪ विभिन्न न्यायक्षेत्रों में पेटेंट आवेदनों के पेटेंट प्रारूपण और अभियोजन के लिए पैनलबद्ध कानून फर्मों के साथ परीक्षण एवं प्रारूपण तथा समन्वय सहित आईपी प्रबंधन के सभी पहलुओं को पूरा करना। ▪ BIRAC की PATH (नवाचारों के दोहन हेतु पेटेंट और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण) योजना के कार्यान्वयन के लिए सेवाएं प्रदान करना। ▪ पौधों की विभिन्न किस्मों की सुरक्षा, आईपीओ के समक्ष लिखित अभ्यावेदन, भारत में अपीलीय बोर्ड, संबंधित अधिनियम के तहत विविध कार्रवाई और भारत में किसी भी अन्य कार्यवाही से संबंधित संदर्भित मामलों में सहायता करना। ▪ आईपी से संबंधित किसी अन्य मामले पर परामर्श प्रदान करना। ▪ अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए अन्य कार्य करना। ▪ गोपनीयता की रक्षा करना और किसी भी मंच पर गोपनीय जानकारी के प्रकटीकरण एवं अनधिकृत उपयोग से बचना, जिसमें औपचारिक तथा अनौपचारिक चर्चा/व्याख्यान/प्रकाशन आदि शामिल हैं।	**अनिवार्य** : ▪ किसी मान्यता प्राप्त और प्रतिष्ठित संस्थान से जीवन विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी/फार्मा/कृषि/पादप विज्ञान में एमएससी/एमटेक। ▪ पंजीकृत भारतीय पेटेंट एजेंट। वांछनीय/वरीयता योग्य **:** ▪ जीवन विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी/फार्मा/कृषि/पादप विज्ञान में पीएचडी। ▪ किसी मान्यता प्राप्त और प्रतिष्ठित संस्थान से कानून में डिग्री या बौद्धिक संपदा में डिप्लोमा/डिग्री। **अनुभव :** केंद्र/राज्य सरकार या स्वायत्त संस्थानों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को आईपी सेवाएं प्रदान करने में योग्यता पश्चात न्यूनतम 03 वर्ष के अनुभव के साथ 03 से 10 वर्ष के बीच का अनुभव। अधिकतम आयु : रिक्ति की अंतिम तिथि तक अधिकतम **45** वर्ष।